भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.07.2022

आरेडिका में कैरियर काउंसलिंग एवं ऑरिएनटेशन कार्यक्रम

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में महिला कल्याण संगठन द्वारा दिनांक 13.07.2022 को सरस्वती ऑडिटोरियम में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरविंदर कलसी के नेतृत्व में द्वीप प्रज्ज्वलित कर कैरियर काउंसलिंग एवं ऑरिएनटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में केन्द्रीय विधालय के लगभग 300 विधार्थियों, अध्यापकों, अध्यापिकाओं और महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को लखनऊ से आयीं अतिथि वक्ता एवं कैरियर काउंसलर श्रीमती पायल, श्रीमती सपना और श्रीमती श्रुति ने कैरियर के संबंध में व्याख्यान दिया और किशोरावस्था के काल में बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के संबंध में समझाया।

कैरियर काउंसलर श्रीमती पायल ने बच्चों को बताया कि, अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने कैरियर का चुनाव करे, जिसमें वह बहुत अच्छा कर सकते हैं, किसी को देख कर अपने कैरियर का चुनाव न करें । इसी कड़ी में आगे कैरियर काउंसलर श्रीमती श्रुति ने बच्चों को नये क्षेत्रों में विकसित हो रहे अवसरों जैसे गेम डिजाइनर, रोबोटिक्स, अर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, ब्लॉक चेन तकनीकी आदि में भी कैरियर चुनने की सलाह दी,

उल्लेखनीय है कि महिला कल्याण संगठन के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन जन जागरूकता के लिए किया जाता है। जिससे बच्चों को आजकल की तेजी से बदलती तकनीक और तेज गति से बदलते रोजगार के क्षेत्रों और अवसरों के बारे में सजग किया जा सके।

इस अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्या विजया श्रीवास्तव, बिन्दू मौर्या, अनुपमा कपूर, सुषमा पाण्डेय, बीना तिवारी और साक्षी जेन्यू जनेस आदि मौजूद रहीं।

13/7/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी